राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

20 मई 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 05

सौर मंडल का गीत

आज की कविता

सूरज इस परिवार का मुखिया है और सब उसके परिवार जन । अगर इस परिवार के सब जन बारी बारी से आकर अपना परिचय दें और गाकर अपने बारे में बताएं तो कितना मजा आएगा। उनका नाच भी देखने को मिलेगा । तो सुनते हैं सौर मण्डल का ये गीत। गीत सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Bindi Ke Balgeet

कचरा

आज की कहानी

क्या आप जानते हैं आपका फेका हुआ चॉकलेट का रैपर कहाँ कहाँ से होता हुआ अंत में कहाँ जाता है? नहीं मालूम न? वो अंत में समुन्दर में जाता है और कई दशकों तक उसी में चक्कर लगाता रहता है। समुन्दर एक कचरा घर बनता जा रहा है। आइए सुनें ये कहानी । पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। RSCERT

रंग बिरंगी उड़ती रेले

आज की किताब

मिमी खरगोश ने निनी तितली से दोस्ती बनाई। फिर एक रोज अपने पूरे परिवार के साथ उसके घर दावत पर गई। निनी तितली की तीन छोटी छोटी बच्चियाँ थीं । लेकिन कुछ दिन बाद वो बच्चियाँ एकदम बदल गईं । मिनी खरगोश समझ नहीं पायी कि ये क्या हुआ? फिर निनी तितली ने एक राज बताया । क्या था वो राज? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Literacy Cloud

तीन आयामी बक्से

आज की गतिविधि

हमें घर में आने वाले सामान में कई बार गत्ते के डिब्बे मिलते हैं। इनकी लंबाई चौड़ाई को देखकर हम कुछ मजेदार तीन आयामी डिब्बे बना सकते हैं। सबसे मजेदार बात तो ये कि न तो इसमें गोंद लगता है, न स्टेपलर पिन और न किसी तरह का टेप। बस एक स्केल और कैंची की मदद से हम क्यूब, हेक्सागॉनल और ऑक्टागॉनल बॉक्स बना सकते हैं। देखते हैं ये विडिओ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

बाल साहित्य की जरुरत

टीचर्स कॉर्नर

बच्चों को अगर अच्छा बाल साहित्य मिले और कक्षा में उसपर सहभागी चर्चा हो तो सीखने - सिखाने के अनगिनत द्वार खुल जाते हैं । लेकिन हम अच्छा बाल साहित्य किसे मानें ? कहाँ मिलेगा वो ? ऐसे ही कुछ सवालों पर हेमवती चौहान ने अपने इस आलेख पर चर्चा की है। लेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



शिक्षकों के लिए। Pathshala

पधारों म्हारे पुस्तकालय

हमारा पुस्तकालय

राजस्थान के झुंझनू जिले में स्थित अलसीसर ब्लॉक के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में पिरामल फाउण्डेशन की फेलो, अन्नू झा ने बच्चों के साथ मिलकर पुस्तकालय को निखारने की कोशिश की। कैसे हुआ यह काम, जानने के लिए पढ़ये उनका ये ब्लॉग।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 160वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।